अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रीक्वार्टर फाइनल मुकाबला संपन्न

हिंडौन सिटी । सौरभ टी टी कॉलेज खेड़ा में कोटा विश्वविद्यालय कोटा की पुरुष व महिला वर्ग की इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को प्रीक्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए।

आयोजन अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ देवेंद्र अग्रवाल व आयोजन सचिव प्रियकांत बेनीवाल ने बताया कि 6 नवंबर से आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज प्रतियोगिता को संपन्न करवाने के लिए सौरभ कैंपस के 2 मैदान व काचरोली के 1 मैदान पर आयोजित मैचों से मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी करौली गोपाल लाल मीणा, सौरभ कैंपस के निदेशक शिवकेश मीणा समसा कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र मीणा,राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा , आयोजन सचिव प्रियकांत बेनीवाल , ब्लॉक कॉर्डिनेटर साक्षरता हेमराज मीणा,महावीर जी ब्लॉक प्रभारी भगत सिंह बेनीवाल, सेवानिवृत्ति शारीरिक शिक्षक महेंद्र कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस करके विधिवत शुरुआत करवाई । मैदान नंबर एक पर इंटर कॉलेज प्रतियोगिता मैच राजकीय कॉमर्स महाविद्यालय कोटा वर्सेस निर्मल हैप्पी महाविद्यालय हिंडौन के मध्य आयोजित हुआ ।इस मैच में कॉमर्स महाविद्यालय कोटा के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । राजकीय कॉमर्स महाविद्यालय कोटा के कलश बल्लेबाज कलश के 16 छक्के व 7 चौकों से 138 रन की बदौलत निर्धारित ओवर में 203 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया । जवाब में उत्तरी निर्मल हैप्पी महाविद्यालय हिंडौन की टीम 117 रन पर ऑल आउट हो गई । इस मैच को राजकीय कॉमर्स महाविद्यालय कोटा ने निर्मल हैप्पी महाविद्यालय हिंडौन को 86 रनों से हराया इसी तरह कौटिल्य कॉलेज कोटा वर्सेस राजकीय महाविद्यालय गंगापुर के मध्य आयोजित हुए मुकाबले में कौटिल्य कॉलेज कोटा ने राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी को 48 रन से हराया । मैदान नंबर दो पर राजकीय कला महाविद्यालय वर्सेस श्रीविजय सिंह पथिक महाविद्यालय श्री महावीर जी की मध्य आयोजित हुआ । इस मैच में विजय सिंह पथिक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 73 रन का स्कोर बनाया जवाब में उतरी राजकीय कला महाविद्यालय कोटा की टीम ने 4 विकेट खोकर छठवे ओवर में 74 रन बनाए ।इस मैच में राजकीय कला महाविद्यालय कोटा ने विजय सिंह पथिक महाविद्यालय श्री महावीर जी को 6 विकेट से हराया इसी तरह एम आई एम टी कोटा वर्सेस एल जेब्रा महाविद्यालय कोटा के मध्य आयोजित हुए मुकाबले में एल जेब्रा महाविद्यालय कोटा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 84 रन का स्कोर खड़ा किया । जवाब में उतरी एम आई एम टी कोटा टीम ने तीन विकेट खोकर 85 रन का स्कोर बनाया । इस मैच को एम आई एम टी कोटा ने एल जेब्रा महाविद्यालय कोटा को 7 विकेट से हराया। मैदान नंबर तीन पर आयोजित की केशव महाविद्यालय अटरू (बारा) वर्सेस राजकीय महाविद्यालय झालावाड़ के मध्य आयोजित हुआ । इस मैच में केशव महाविद्यालय अटरू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में लोकेश के 10 छको मदद से 69 रन की बदौलत तीन विकेट खोकर 154 रन का स्कोर खड़ा किया । जवाब में उतरी राजकीय महाविद्यालय झालावाड़ की टीम 9 ओवर में 77 रन पर सिमट गई । इस मैच को केशव महाविद्यालय अटरू ने 77 रन से राजकीय महाविद्यालय झालावाड़ को हराया ।महाविद्यालय गंगापुर ने राजकीय विज्ञान महाविद्यालय कोटा को , राजकीय कला महाविद्यालय कोटा ने भगवान महावीर कंचरोली को, एम आई टी महाविद्यालय कोटा ने एकलंक महाविद्यालय कोटा को हराया। इन मैचों को युधिष्ठिर भाकर, सुनील यादव , राजू डागुर,तेज सिंह रोत्रबाल ,लोकेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, मनोज बेनीवाल ,राकेश कुमार, अरुण सिंह ,सुधीर, इंदोलिया, विनीत मीणा , मुकेश मीणा, प्रशांत अग्रवाल, राहुल आदि ने निर्णायक व स्कोरर की भूमिका अदा की

प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया कि कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में शुक्रवार को आयोजित होंगे महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबले यह सभी मुकाबले सौरभ कैंपस के मैदान पर आयोजित होंगे। पुरुष वर्ग के मुकाबले प्रात: 7:30 बजे से होंगे ।

आसूचना संकलित कर कांस्टेबिल ने चोरी की घटना का किया खुलासा

करौली(नि.स.)। जिला मुख्यालय पर रीको क्षेत्र स्थित मसाला फैक्ट्री में चोरी कि घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल की है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामान भी बरामद किया है। जिनकी गिरफ्तारी मे पुलिस अधीक्षक कार्यालय कि जिला विशेष शाखा के कांस्टेबिल व करौली कस्बे के आसूचना अधिकारी मनोज कुमार कि अहम भूमिका रही।

> ■ रीको एरिया में स्थित मसाला फैक्ट्री में अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर सीसीटीवी कैमरा की हार्ड डिस्क, बैटरी, इनवर्टर,एलइडी टीवी और नकद 2500 रुपए सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया

करौली थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि गत 3 नवंबर को कोतवाली थाने में शहर के सायनाथ खिडकिया निवासी रवि कुमार 42 पुत्र संत कुमार बजाज ने मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि उसकी रीको एरिया में स्थित मसाला फैक्ट्री में अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर सीसीटीवी कैमरा की हार्ड डिस्क, बैटरी, इनवर्टर,एलइडी टीवी और नकद 2500 रुपए सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का पता दीपावली पूजन और साफ सफाई के दौरान लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कि इस दौरान करौली शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और संदिग्धों से पूछताछ कि। इस दौरान हैड कॉन्स्टेबल विजय सिंह,कॉन्स्टेबल लक्ष्मण,सुजान और जिला विशेष आसूचना अधिकारी मनोज कुमार की टीम गठित कि गई। टीम ने चोरी के आरोपी जम्मू पुत्र जगनमोहन निवासी नदी बरखेड़ा को लाकर पूछताछ कि। आरोपी ने अपने साथी मनीष के साथ रीको एरिया में मसाला फैक्ट्री में चोरी करना कबूल किया है। इस पर पुलिस ने मनीष माली 20 पुत्र प्रभु माली निवासी गुलर घटा के घर दबिश देकर उसे भी पकड़ लिया। आरोपियों ने पूछताछ में रिको फैक्ट्री मसाला फैक्ट्री में चोरी की वारदात को कबूल किया है। पुलिस आरोपियों से अन्य घटनाओं को लेकर भी पूछताछ कर रही है। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने चोरी गए इनवर्टर, एलइडी टीवी,बैटरी,हार्ड डिस्क सहित अन्य सामान को बरामद कर लिया।

आरोपी की गिरफ्तारी में जिला विशेष शाखा के कॉन्स्टेबल मनोज कुमार कि विशेष भूमिका रही। ज्ञात रहे कि इससे पूर्व भी करौली पुलिस अधीक्षक कार्यालय की जिला विशेष शाखा के कांस्टेबल एवं करौली के आसूचना अधिकारी मनोज कुमार ने सूचना संकलित एवं सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर करौली शहर के भूडारा बाजार स्थित एक मंदिर में हुई चोरी कि वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माल,पूजा की सामग्री,भगवान की प्रतिमा को बरामद कर लिया वहीं गत दिनों करौली शहर की गौमती कॉलोनी निवासी एक वृद्ध से मोबाइल छीनकर भागे बदमाश को भी गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

एटीएस से जांच कराने की मांग

गंगापुर सिटी । मिर्जापुर निवासी कुछ लोगों ने तहसील प्रशासन पर बिना जांच किए चरागाह की जमीन बताकर यहां लोगों के द्वारा बनाए गए निर्माण को तोडने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मिर्जापुर क्षेत्र के कुछ लोगों ने कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन देकर इस मामले में एटीएस से जांच करवा कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने आए लोगों ने प्रेमराज, भोरा, फारुख अली, अफसाना, मुकेश आदि ने बताया कि मिर्जापुर क्षेत्र में खसरा नंबर 235 में उन्होंने प्लॉट खरीदकर निर्माण कराया था। साथ ही बिजली कनेक्शन भी अपने नाम लिया। यहां निर्माणधीन मकान में वे वर्षों से निवास करते आ रहे है, साथ ही उक्त खातेदारी की भूमि में कुछ प्लाट अभी निर्माणधीन है। लोगों ने यहां अपने निर्माण के लिए नगर परिषद से पट्टा लेने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने तहसील प्रशासन पर उनके निर्माण को चरागाह जमीन में होना बताते हुए जबरन तोडने का आरोप लगाया। लोगों का आरोप है कि उनके आग्रह करने के बाद भी खसरा नंबर 235 और चरागाह भूमि के खसरा नंबरों की एटीएस से जांच नहीं कराई जा रही है, ऐसा लगता है कि प्रशासन अपनी ओर से मनमानी कर रहा है और बिना एटीएस की जांच कराए लोगों के निर्माण को तोडने पर आमादा है।

विधायक अध्यक्षता में जॉब रेडीनेश कार्यक्रम की जानकारी दी

भरतपुर (निस)। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम 19 नवंबर को भरतपुर में एक मेगा जॉब फेयर, कौशल महोत्सव का आयोजन कर रहा है। कौशल और उद्यिमता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस रहा है। भारत जैसे बड़े देश में, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय एकमात्र ऐसा मंत्रालय है जो बढ़ते भारत की जरूरतों को पूरा कर सकता है। कौशल महोत्सव का मुख्य फोकस नियोक्ताओं और रोजगार के लिए तैयार युवाओं के बीच की खाई को पाटना है, ताकि उन्हें आज के तेज गति वाले उद्योगों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक सॉफ्ट स्किल सीखने का अवसर मिल सके। भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने बताया कि एनएसडीसी ने इतिहास में पहली बार ग्राम पंचायत के साथ भी काम किया है, जो भरतपुर कौशल महोत्सव को एक पायलट प्रोजेक्ट और ग्रामीण भारत को सहायता प्रदान करने की अपनी तरह की अनूठी पहल बनाता है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के मैनेजिंग डायरेक्टर वेदमणि तिवारी ने कहा केन्द्र सरकार का ध्यान हमेशा युवाओं को नौकरी की सुरक्षा प्रदान करने पर रहा है। पूरे भारत में कई कौशल महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं, जहाँ युवाओं को नियोक्ताओं से मिलने और नौकरी के बाजार में प्रवेश करने के अवसर दिए जा रहे हैं। एनएसडीसी युवाओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इस अद्भुत अवसर के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए देश के कोने-कोने तक पहुँच रहा है, जिससे उन्हें रोजगार पाने में मदद मिलेगी। भरतपुर के युवाओं को रोजगार देने की इच्छुक कंपनियों ने विभिन्न जॉब रोल्स के लिए 11,000 से अधिक वैकेंसी रखी हैं, जो भरतपुर के स्थानीय युवाओं की मदद करेंगी। उन्होंने बताया कि 40 घंटे तक चलने वाला पांच दिवसीय गहन रोजगार योग्यता प्रशिक्षण कार्यक्रम अभी भी भरतपुर में 15 प्रशिक्षण केंद्रों पर चल रहा है, जिसमें सॉफ्ट स्किल्स (इफेक्टिव कम्युनिकेशन, इंटरव्यू की तैयारी,प्रॉब्लम सॉल्विंग, टाइम मैनेजमैन्ट, आदि) पर मॉड्यूल शामिल हैं। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा ऑटोमोटिव, लॉजिस्टिक्स, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में डोमेन स्किल्स पर ओरिएन्टेशन शामिल है। ये प्रशिक्षण सत्र भरतपुर और आस-पास के क्षेत्रों में 15 केंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार 14 नवम्बर तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय कौशल राज्य मंत्री जयन्त चैधरी के मार्गदर्शन में, कई प्रतिभागियों ने सीवी राइटिंग, इंटरव्यू की तैयारी और कम्युनिकेशन स्किल पर केंद्रित गहन 40 घंटे के प्रशिक्षण मॉड्यूल को पूरा कर लिया है और कई प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिससे व्यावसायिक विकास के लिए एक मजबूत आधार स्थापित हो रहा है। उन्होंने बताया कि कौशल महोत्सव में एक डायनामिक जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा,

जिसमें हजारों प्रतिभागियों को आईटी, हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की शीर्ष कंपनियों से ऑफर लेटर प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि भरतपुर एक प्रमुख इन्डस्ट्रियल हब के रूप में, विशेष रूप से अपनी 554 पंजीकृत सरसों तेल मिलों और कृषि आधारित उद्योगों में 10,000 से अधिक सूक्ष्म और लघु उद्यमों में कुशल कार्यबल की आवश्यकता का उदाहरण है। कौशल महोत्सव जैसी पहल यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि स्थानीय कार्यबल इन विविध क्षेत्रों में विकास को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए तैयार है ।

आरोपी को गिरफ्तार किया

भरतपुर (निस)। सेवर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में लाठी-डण्डों से मारपीट कर अवैध हथियारों से जानलेवा फायरिंग करने के मामले में आरोपी को गिरफतार कर विधि से संघर्षरत बालक को लिया संरक्षण में लिया। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश यादव व वृताधिकारी वृत ग्रामीण आकांक्षा के सुपरविजन में थानाधिकारी अनिल जसोरिया आरपीएस मय गठित टीम द्वारा थाना सेवर के प्रकरण में जमीन विवाद को लाठी-डण्डों से मारपीट कर अवैध हथियारों से जानलेवा फायर करने के मामले में आरोपी नरेन्द्र पुत्र रघुपत निवासी चैनपुरा थाना गढीबाजना को गिरफ्तार कर एक विधि से संघर्षरत बालक को संरक्षण में लिया गया है।

विचार गोष्ठी का आयोजन किया

भरतपुर (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर 7 नवम्बर गुरूवार को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि कैंसर विश्व स्तर पर मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। कैंसर शरीर के किसी भी भाग को प्रभावित करने वाली कई स्थितियों के लिए एक व्यापक शब्द है। इसमें असामान्य कोषिकाओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होती है जो अपनी सीमाओ से आगे बढकर आस-पास के शरीर के अंगो को संक्रमित करके अन्य अंगो में फैल जाती है।

कैंसर का एक प्रमुख पहलु यह भी है कि इस रोग की पहचान प्रारंभिक स्तर पर होने पर इसका इलाज संभव है तथा पहचान मे देरी होने से इसका इलाज कठिन व पीडा दायक है। डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए हमें फल और सब्जियों सहित संतुलित आहार लेना चाहिए। तम्बाकू से परहेज करें, शराब या अन्य नशे को त्याग दें तथा कैंसर स्क्रीनिंग परीक्षण नियमित करवाते रहें। डॉ राहुल कुमार ने कहा कि कैंसर के कारण विश्वभर मे एक करोड से अधिक मौतें होती है।

जिसमें स्तन कैंसर, फैफडें बृहदान्त्र और मलाशय, प्रोस्टेट, त्वचा व पेट कैंसर प्रमुख हैं। डॉ. विनोद भटेश्वर ने कहा कि महिलाओं में 25 प्रतिशत व पुरूषों मे 50 प्रतिशत कैंसर के लिए तम्बाकू का उपयोग जिम्मेदार हैं। डॉ मोहित कुमार ने कहा कि आमजन में कैंसर के प्रति जागरूकता लाकर कैंसर की रोकथाम संभव है। इस अवसर पर समस्त कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

खण्डेलवाल महिला मंडल ने चुनरी महोत्सव का आयोजन किया

भरतपुर (निस)। खण्डेलवाल महिला मण्डल भरतपुर की ओर से मथुरा स्थित यमुना जी में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ चुनरी महोत्सव का महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल अध्यक्षता में आयोजन किया गया। महामंत्री सोनू खंडेलवाल ने बताया जिसमें उत्साह के साथ शामिल हुए समाजबंधुओं व बहनों की आस्था का ज्वार उमड़ पड़ा।

इसके बाद द्वारकाधीश जी मंदिर में दर्शन कर खुश, शांति व समृद्धि की कामना की। भरतपुर के खिरनीघाट स्थित खण्डेलवाल धर्मशाला में संत सुंदरदास जी महाराज के दर्शन कर महिला मण्डल की सदस्य दो बसों से मथुरा के लिए रवाना हुई। मथुरा में स्नेहभाव से अल्पाहार करने के बाद पंडित ने भजन-कीर्तन कराया। इसके बाद शुरू हुए चुनरी महोत्सव आयोजन के तहत बंगाली घाट से बैण्डबाजों के साथ भजनों की स्वर लहरियों के बीच नाचते-गाते हुए समाजबंधु व बहनें यमुना नदी के विश्राम घाट पहुंची।

जहां पंडित ने यमुना जी की पूजा-अर्चना कराई और चुनरी महोत्सव का महत्व समझाते हुए चुनरी का भी पूजन कराया। यमुना जी के विश्राम घाट पर यजमानों ने यमुना जी की जोड़े से पूजा-अर्चना कर घर-परिवार में खुशहाली की कामना की।

इसके बाद समाजबंधु-बहनों ने नावों में सवार होकर एक से दूसरे छोर तक यमुना जी को 101 साडियों की चुनरी बनाकर औढ़ाई। चुनरी महोत्सव का यह अनुपम नजारा देख सभी ने एक स्वर में युमना जी का जयघोष किया। चुनरी महोत्सव के बाद सभी ने यमुना जी की आरती उतारी और यमुना जी का आचमण कर पंचामृत का प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं ने यमुना जी की चुनरी में से एक-एक साडियां ली। इस मौके पर मण्डल की सदस्यों ने कार्तिक मास में किए जाने वाला दीपदान भी किया। चुनरी मनोरथ में कार्यक्रम संयोजिका पूनम खण्डेलवाल व चंचल खण्डेलवाल रहीं। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष रमेश चंद (रारह वाले), संत सुंदरदास ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रहलाद खण्डेलवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष नेमचंद गुप्ता, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष कुसुम रावत, पूर्व शहर अध्यक्ष हरिशंकर मुसद्दी, शहर महामंत्री मुरारीलाल, महिला मंडल की कोषाध्यक्ष सुषमा खण्डेलवाल, वंदना खण्डेलवाल, सलोनी खण्डेलवाल, विमलेश पीतलिया, अनीता, कल्पना, कुसुम, शालिनी, ममता गंधी सहित महिला मण्डल की सदस्य शामिल हुईं।

एक दिवसीय सेमीनार आयोजित

भरतपुर (निस)। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तहत नेशनल स्किल डवलप कॉर्पोरेशन के द्वारा भरतपुर कौशल महोत्सव के अन्तर्गत जॉबरेडीनस प्रोग्राम के अन्तर्गत हरिदत्त डिग्री कॉलेज में कॉर्पोरेट ट्रेनर सोनिया माहेश्वरी ने की एक दिवसीय सेमीनार में इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ आलोक शर्मा ने बुके भेंटकर स्मृति चिन्ह प्रदान किया। एनएसडीसी की सोनिय माहेश्वरी ने बताया कि स्किल इंडिया भारत सरकार की एक पहल है जिसे देश के युवाओं को कौशल सेट के साथ सशक्त बनाने के लिए शुरू किया गया है, जो उन्हें अपने कार्य वातावरण में अधिक रोजगार योग्य और अधिक उत्पादक बनाता है।

इस अवसर पर डॉ सन्जू शर्मा, डॉ. पुष्पा कंवर, डॉ. नीता माथुर, डॉ. राजकमल दिवाकर, डॉ गौरव करौला, डॉ सचिन सैनी, डॉ पूनम चैधरी, महेन्द्र सिंह, अशोक गुर्जर, देवदत्त शर्मा, विनोद अवस्थी, राममोहन, डीसी सैनी सहित समस्त स्टाफ ने भी भरतपुर संभाग पर होने वाले आगामी 19 नवम्बर 2024 को वृहद रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं को भाग लेने एवं अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि भरतपुर संभाग पर सबसे बडा रोजगार मेला आगामी 19 नवम्बर 2024 को लग रहा है जिसमें पूरे भारत से 94 कंपनियां भाग ले रहीं हैं जो युवाओं को बिना किसी दलाल के सीधे ही रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे, जिसमें अधिक से अधिक युवा रोजगार के अवसरों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

सन्त ने लगाई 111 दिन में 512 किमी की दंडवत

हलैना (निस)। जब ईश्वर के प्रति आस्था व लग्न लग जाए और सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार एव मानव कल्याण व मूक-बधिर प्राणियों की सेवा जागरूक हो जाए, तो वह अवश्य पूरी होती है। ऐसा नजारा कई बार नेशनल हाइवे एवं अन्य सडक मार्गो पर देखने को मिलता है। कोई अन्न का त्याग, तो कोई उपवास किए दंडवत व नंगे पैदल यात्रा करता और कोई लुढकन यात्रा करता नजर आता है। राजस्थान के नागौर जिले के गांव डेरवा स्थित श्री रामदेव बाबा आश्रम से 72 वर्षीय सन्त आईदानराम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या के लिए श्रीराम रथ व अखण्ड ज्योति के साथ दंडवत यात्रा पर निकला है, जो 111 दिन में करीब 512 किमी की दूरी तय कर चुका है और करीब 4 लाख 786 दंडवत पुरी हो गई। सन्त का लक्ष्य करीब 1100 किमी यात्रा में 8 लाख 51 हजार 551 दंडवत देना। ये सन्त जयपुर नेशनल हाइवे पर गत दिन हन्तरा व सेवला पहुंचे, जहां श्रीराम व श्रीश्याम बाबा सेवक डीपीएम शिक्षण समूह के चैयरमैन सन्तोष चैधरी, विजयपाल चैधरी,बिजेन्द्र सिंह, हरभान सिंह, चेतराम सिंह, हतीजर के दिलीप सिंह फौजी, धनवीर डागुर, मूलचन्द आदि ने श्रीराम रथ में विराजमान भगवान श्रीराम दरबार की पूजा-अर्चना की और दंडवत दे रहे सन्त आईदानराम का स्वागत किया।

दंडवत दे रहे सन्त आईदानराम ने बताया कि नागौर जिले से अयोध्या के लिए दंडवत यात्रा प्रारम्भ है। प्रतिदिन 4 से 5 किमी की यात्रा देकर 41 सौ दंडवत दी जाती है। अब तक 111 दिन का सफर पूरा हो गया और करीब 512 किमी दूरी तय कर करीब 4 लाख 786 दंडवत लगाई जा चुकी है। अभी करीब 600 किमी का सफर षेष है,जिसे पूरा करने के लिए 5 लाख 51 हजार दंडवत देनी है। होली के पर्व तक ये यात्रा पूरी करनी है।

दंडवत यात्री सन्त आईदानराम का 500 साल के बाद भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में बने आस्था से भरपूर व भव्य भगवान श्रीराम मन्दिर में श्री रामलला दर्षन करना और सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार, सन्त व मानव सेवा, गौवंश पालन, खनिज व वन सम्प्रदा संरक्षण, कन्या भूरण हत्या व दहेज की रोकथाम, पर्यावरण का संरक्षण, शिक्षा, स्वच्छता व स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर, प्राकृतिक खेती आदि के प्रति आमजन को जागरूक करना है तथा देशभक्ति, विश्वशांति, मानव व परिवार कल्याण, गौवंश रक्षा आदि की कामनाएं करना मुख्य उद्देष्य है। सन्त आईदानराम का कहना है कि यात्रा में कई प्रकार की दिक्क्त अवश्य आती है, लेकिन सभी दिक्कते प्रभू श्रीराम दूर कर देते है। जयपुर के विराठनगर से सिरसा जाते समय रास्ता में एक हिंसक जानवर नजर आया, जिसको देख डर गया, लेकिन प्रभू श्रीराम का नाम लेने से प्राण बच गए। नागौर से केवल पाचं किलोग्राम देशी घी, दो हजार की नगदी और दस दिन की आवश्यक भोजन सामग्री लेकर निकला। रास्ता में सन्त व सेवकों ने सभी प्रकार की मदद की। कोई भोजन खिला देता है,तो कोई दीपक का घी व आर्थिक मदद कर भोजन सामग्री उपलब्ध करा देते है। मुझे केवल दीपक का घी,प्रभू की दो समय की प्रसादी और एक समय का भोजन की जरूरत होती है।

चोरों ने लगाई बैंक मे सैंध

हलैना (निस)। उप तहसील हलैना क्षेत्र के गांव सरसैना स्थित बडौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक के भवन में पीछे से अज्ञात चोरों ने बैंक का खजाना चोरी करने उद्देश्य से दीवार में सैंध लगाई। लेकिन चोर सैंध लगाने एवं खजाना चोरी करने के प्रयास में असफल रहे और बैंक का खजाना चोरी होने से बच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और बैंककर्मियों सहित आसपास के परिवारों से पूछताछ की। लेकिन कोई सुराग हाथ नही लगा। इस संबन्ध में बैंक के प्रबन्धक ने अज्ञात चोरो के खिलाफ सूचनार्थ रिर्पोट पेश की। थाना प्रभारी बिजेन्द्र शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव सरसैना में हलैना-खेडलीगंज वाया भूतोली मार्ग स्थित तिराया पर एक निजी भवन में किराया पर बडौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक संचालित है। जिस बैंक के प्रबन्धक ने बैंक के भवन में अज्ञात चोरों के द्वारा सैंध लगाने की सूचना दी,सूचना पर मय जाप्ता के गांव सरसैना पहुंचे और भवन में लगे सैंध का निरीक्षण कर बैंक के स्टाफ व ग्रामीणों से पूछताछ की। लेकिन कोई सुराग नही लगा। बेंक में चोरी होने से बच गई।

बैंक पर लगा है गार्ड

गांव सरसैना स्थित बडौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक पर कोई भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक भी गार्ड नही लगा हुआ है और न ही दिन में नजर आता है। ये बैंक कस्वा हलैना से करीब 4 किमी दूर पर संचालित है। ग्रामीणों ने बताया कि बैंक केवल बैंककर्मियों के भरोसे पर संचालित है। यहां सुरक्षा के कोई भी उपाय नही है। पुलिस ने भी बैंक पर रात्रि व दिन से समय सुरक्षा गार्ड नही लगा होने पर नाराजी प्रकट की और बैंक प्रबन्धक एवं बैंक के आलाधिकारियों से सुरक्षा गार्ड तैनात करने का आग्रह किया।